# पैसा घूमे गोल-गोल!

## पैसा क्या है और

## हम कैसे उसका इस्तेमाल करते हैं




**मेल्विन बर्जर**

# पैसा घूमे गोल-गोल!

पैसा क्या है और

हम कैसे उसका इस्तेमाल करते हैं






आज मैक्स का जन्मदिन है.

अंकल जैक ने उसे एक डॉलर का नोट दिया.

मैक्स खिलौने की दुकान में गया.

वहां उसने एक डॉलर का एक गुब्बारा खरीदा.



खिलौने की दुकान की मालकिन बेकर की दुकान पर गई.

वहां उसने एक डॉलर का एक केक खरीदा.



बेकर - अंकल जैक के होटल में गया.

वहां उसने एक डॉलर का एक पिज़्ज़ा खरीदा.




पैसा गोल-गोल घूमता है. अंकल जैक से

—मैक्स तक

—खिलौने की दुकान के मालिक तक

—बेकर तक

—और वापस अंकल जैक के पास.

गुब्बारे, केक, पिज्जा.

हम पैसे से अपनी मनचाही चीजें खरीदते हैं.



एक ज़माना था जब पैसे नहीं थे. लोग अपनी ज़रूरत के हिसाब से सब चीज़ें उगाते और बनाते थे.

फिर चीजें बदलने लगीं. फिर लोग सिर्फ एक ही तरह का काम करने लगे.

किसान खेती करने लगे.

शिकारियों ने शिकार किया.

बुनकर ने कपड़ा बनाया.


लकड़हारे ने लकड़ी काटी.

जब लोगों को अन्य चीजों की जरूरत पड़ी तब लोगों ने एक-दूसरे से अदला-बदली की.

उन्होंने मांस के लिए कपड़े और मछली के लिए आलू अदला-बदली किए.

उन्होंने पशुओं की खाल दी और बदले में जलाऊ लकड़ी ली.







लेकिन व्यापार करना हमेशा आसान नहीं था. मान लीजिए एक किसान को एक नया कोट चाहिए था.
और किसी बुनकर को एक गाय चाहिए थी.
"एक कोट के लिए एक गाय?" किसान ने आश्चर्य से पूछा.
“यह सौदा अच्छा नहीं है.
गाय एक कीमत कोट से कहीं अधिक है."
फिर कुछ लोगों के दिमाग में एक नया आईडिया आया.
उन्होंने कहा, "हम सीपियों के साथ व्यापार करेंगे!"
“हम सभी को सीपियाँ पसंद हैं."
“और सीपियाँ मूल्यवान हैं. उन्हें खोजना कठिन हैं."




लोग सीपियाँ इकट्ठी करने लगे.
अब वे जो चीज़ चाहते,
उसका भुगतान वे सीपियों से करते.






जिस चीज़ से लोग व्यापार करते हैं उसे पैसा कहा जाता है.
पहले पैसे के कई रूप थे - सीपियाँ, उनमें से एक थीं.





अमेरिकी मूल-निवासियों मोतियों की बेल्ट का इस्तेमाल करते थे. यह मोती सीपियों के खोल के बने होते थे.




अफ्रीकी लोग नमक का इस्तेमाल करते थे.




मैक्सिकन **कोकोआ बीन्स** का इस्तेमाल करते थे.




याप द्वीप पर, लोग विशाल पत्थरों के छल्ले इस्तेमाल करते थे. गोल पत्थरों को बांस पर ले जाने के लिए वे उनके बीच में छेद करते थे.



सांता क्रूज़ द्वीप समूह के निवासी लाल पंखों का इस्तेमाल करते थे.



अब किसान सीपियों के पैसे से कोट खरीद सकता था.
वह कोट के लिए बुनकर को तीन सीपियाँ दे सकता था.
और बुनकर सीपियों के पैसे से गाय खरीद सकता था.
वह किसान को गाय के लिए दस सीपियाँ दे सकता था.
प्राचीन काल में चीन में पैसे के लिए सीपियों का इस्तेमाल किया जाता था.
लेकिन अन्य लोग सीपियों की बजाए दूसरी चीजों का इस्तेमाल करते थे.

कुछ लोगों ने पैसे के रूप में धातु का उपयोग करना भी शुरू कर दिया था. धातु के कई आकार और रूप थे. धातु के पैसे को एक कुल्हाड़ी का आकार दिया गया था

मेक्सिको में मिली **चांदी की कुल्हाड़ी**



प्राचीन चीनी कांस्य की कुदाल के आकार का सिक्का – 6 वीं शताब्दी



**कुदाल**

या एक **चाकू** भी.




प्राचीन चीनी कांस्य का बना चाकू के आकार का सिक्का - तीसरी शताब्दी ई.पू.

धातु के बने पैसे कुछ कारणों से बहुत अच्छे थे. वे जल्दी घिसते नहीं थे.

धातु को किसी भी आकार में ढाला जा सकता था. यह जितना बड़ा होता, उतना ही ज़्यादा उसका मूल्य होता.

हर कोई सोना-चांदी चाहता था. वे धातुएँ सबसे दुर्लभ थीं. इसलिए उनका मूल्य सबसे अधिक था.



दीवार पर बनी इस पेंटिंग में मिस्र के लोग मानक वजन के खिलाफ कीमती धातुओं को तोल रहे हैं.

लिडिया नामक देश में लोगों ने पहले सिक्के बनाए.
आज लिडिया को तुर्की के रूप में जाना जाता है.
लिडिया में लोगों ने लगभग 2,600 साल पहले
सिक्के बनाना शुरू किए.
यह प्राचीन यूनान (ग्रीस) में पहले ओलंपिक का
समय था.

सिक्के - नई तरह की धातु के पैसे थे.
लिडिया के सिक्कों को "स्टेटर्स" कहा जाता था.
वे सोने और चांदी के मिश्रण से बने थे.
स्टेटर्स सभी एक ही आकार के होते थे.
प्रत्येक सिक्के पर शेर के सिर का चिन्ह होता था.
इससे पता चलता है कि वे लोग पैसे वाले थे.





पैसों के लिए सिक्कों का उपयोग करने का विचार दूर-दूर तक फैला.



जल्द ही चीनियों ने सीपियों का इस्तेमाल करना बंद कर दिया. वे भी लोहे के सिक्के बनाने लगे. लेकिन लोहे के सिक्के बड़े और भारी थे. लोगों को उन्हें दूर ले जाने में मुश्किल हुई.



लोहे के सिक्के

फिर, लगभग 1,400 साल पहले चीन में कुछ नया शुरू हुआ. लोगों ने अपने बड़े सिक्के दुकानदारों के पास छोड़ दिए. दुकानदारों ने बदले में उन्हें नोट दिए. नोटों पर प्रत्येक व्यक्ति द्वारा दुकान पर छोड़े सिक्कों की संख्या लिखी थी.



कालांतर में, चीनी राजकोष ने कागज के नोट छापने शुरू कर दिए. राजकोष सरकार का हिस्सा था जो पैसे छापने का काम करता था. राजकोष ने प्रत्येक नोट को एक निश्चित मूल्य दिया. उसके बाद से "नोट" चीन का पैसा बन गए.

आज हर देश अपने खुद के कागज़ के नोट छापता है.

प्रत्येक देश अपने पैसों को एक अलग नाम से बुलाता है.

मेक्सिको में यह पेसो है






कनाडा में यह डॉलर है.

इंग्लैंड में यह पाउंड है.






फ्रांस में यह फ्रैंक है.

जापान में यह येन है.




जर्मनी में यह मार्क है.







ताइवान में यह डॉलर है.




इटली में यह लीरा है.

.ऑस्ट्रेलिया में यह डॉलर है.




स्पेन में यह पेसटा है.



संयुक्त राज्य अमेरिका में कागज़ के नोटों
को डॉलर कहा जाता है.
सभी डॉलर एक ही आकार और रंग के होते हैं.
लेकिन उनके सात अलग-अलग मूल्य हैं - $1, $ 2, $ 5,
$10, $ 20, $ 50 और $ 100.




अतीत में संयुक्त राज्य अमेरिका में अधिक मूल्य के डॉलर
भी थे - $ 500, $ 1,000, $ 10,000, और $100,000 डॉलर!



डॉलर के नोटों (बिलों) को वाशिंगटन डी.सी. में
उत्कीर्णन और मुद्रण ब्यूरो में बनाया जाता है.
नक्काशी करने वाले आर्टिस्ट स्टील प्लेट में डिजाइन
उकेरते हैं.
अन्य श्रमिक मुद्रण प्लेटों पर डिजाइन को उतारते हैं.



फिर प्रिंटर, प्लेटों को एक प्रिंटिंग प्रेस में सेट करते हैं.
फिर प्रेस मज़दूर नए डॉलर के बिल प्रिंट करते हैं.

डॉलर के बिल यानि नोट की नकल करना बहुत मुश्किल है.

सरकार नहीं चाहती कि कोई और उन्हें बनाए.

नक्काशी करने वाले प्रत्येक डिजाइन में सैकड़ों पतली रेखाएं डालते हैं.

प्रिंटर स्याही में गुप्त रसायन मिलाते हैं.

प्रिंटर भी विशेष कागज का उपयोग करते हैं.



**नक़्क़ाश**



**नोट के लिए विशेष पेपर**



**निरीक्षण**

एक डॉलर के नोट को बहुत बारीकी से देखें.




आपको नोट में छोटे लाल और नीले रंग के धागे दिखाई देंगे. साथ में कुछ अन्य अदृश्य निशान भी.

डॉलर का नोट एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति
के हाथ में जाता है.



लगभग एक वर्ष तक जब डॉलर एक हाथ से दूसरे हाथ में जाता है तब तक नोट झुर्रीदार और खराब हो जाता है.





बैंक पुराने नोटों को वाशिंगटन, डी. सी. में वापस भेज देते हैं.

ट्रेजरी विभाग पुराने बिलों को रद्द करता है.

हर दिन वे कई लाखों पुराने डॉलर जलाता है.

अमेरिकी राजकोष



वाशिंगटन, डीसी में अमेरिकी टकसाल है
जहाँ सिक्के बनाते हैं.
वे पेनी, निकल, डाइम्स और क्वार्टर बनाते हैं.



अतीत में उन्होंने आधा डॉलर और चांदी का डॉलर भी बनाया था. डॉलर के नोट के मुकाबले सिक्के लंबे समय तक चलते हैं.



सिक्के कई धातुओं का मिश्रण होते हैं.
पेनी, तांबे और जस्ते की बनी होती है.




निकल्स, डाइम्स और क्वार्टर
तांबे और निकल के बने होते हैं.




एक कलाकार सिक्के के
डिज़ाइन को तराशता है.
फिर एक कर्मचारी
स्टील के पंच पर
डिज़ाइन खोदता है.




एक और मशीन स्ट्रिप्स से "ब्लैंक" काटती है.
ब्लैंक सिक्के के आकार के समान ही होते हैं.
लेकिन उनपर कोई डिज़ाइन नहीं होता है.



दूसरे लोग धातुओं को एक-साथ मिलाते हैं.
वे उन्हें सलाखों में ढालते हैं.
एक मशीन सलाखों को पट्टियों (स्ट्रिप्स) में दबाती है.
स्ट्रिप्स, असली सिक्कों की तरह मोटी होती हैं.



बड़ी मशीनें स्टील के पंच को "ब्लैंक" पर कसकर दबाती हैं.
पंच, सिक्कों पर डिजाइन की मुहर लगाता है.



सिक्के बनाने का प्रेस

एक चमकदार निकल का सिक्का और एक आवर्धक कांच (मैग्नीफाइंग ग्लॉस) लें.
सिक्के में राष्ट्रपति जेफरसन के कॉलर के नीचे देखें.
क्या आप पत्र "fs?" वे फेलिक्स श्लाग नाम के व्यक्ति के अक्षर हैं.
यह वो कलाकार है जिसने उस सिक्के पर जेफरसन के सिर को उकेरा था.






राष्ट्रपति रूजवेल्ट के कॉलर के नीचे देखें.
क्या आप "js" अक्षर दिखते हैं? "
वे जॉन सिनॉक के नाम के अक्षर हैं.
उसने रूजवेल्ट के सिर को उकेरा था.

लोग अलग-अलग तरीकों से पैसा बनाते हैं,

कमाई करते हैं.



वे मजदूरी करके कमाते हैं.




वे चीजें बेचते हैं.





कई को उपहार में धन मिलता है.

मान लीजिए आप कुछ पैसा कमाना चाहते हैं.

आप किसी के लॉन में घास काट सकते हैं,

बर्फ साफ़ कर सकते हैं, या बच्चे की देखरेख कर सकते हैं.

आप बगीचे की सफाई, या फिर सामान को वितरित

करके पैसे कमा सकते हैं.

आप पुराने, उपयोग किए गए खिलौने, अखबार

या किताबें आदि बेच सकते हैं.



क्या आप पैसे कमाने के अन्य

तरीकों के बारे में सोच सकते हैं?

आप जो पैसा कमाते हैं, उसे खर्च करने में आपको मज़ा आएगा.  पैसे से आप अपनी जरूरत का कोई सामान खरीद सकते हैं. लेकिन खर्च करने से पहले आप हमेशा पहले किसी बड़े व्यक्ति से पूछें.



आप चाहें तो अपने पैसे को दान भी कर सकते हैं.
दान से ज़रूरतमंद लोगों की मदद होगी.
आप बूढ़े या बेघर लोगों की मदद कर सकते हैं.
वे गरीब या बीमार बच्चे भी हो सकते हैं.




आप बहुत सारी संस्थाओं को अपने पैसे दे सकते हैं - चर्चों या सभाघरों को, अस्पतालों या पशु आश्रयघरों को, ऑर्केस्ट्रा या संग्रहालयों या अन्य समूहों को.




पर आपको पैसे बचाने में भी बहुत मज़ा आएगा.
आप किसी विशेष काम के लिए पैसे बचा सकते हैं.
शायद आपको इनमें से किसी चीज़ को खरीदने
की इच्छा हो :
—नया सीडी या वीडियो प्लेयर — साइकिल या स्केट्स,
कोई पुस्तक या कंप्यूटर गेम,
या फिर एक नई जैकेट.





आप अपने घर पर पैसा बचाना शुरू करें.
इसे रखने के लिए एक अच्छी, सुरक्षित जगह खोजें.




कुछ दिनों बाद, आप अपने पैसों को बैंक में जमा करें.



आज बैंक वही करते हैं जो काम बहुत पहले चीन
में दुकानदार किया करते थे.
वे आपके पैसे सुरक्षित रखेंगे. जब आप पैसे
वापिस मांगेंगे तो वे उसे वापस देंगे.

बैंक आपको थोड़ा अतिरिक्त पैसा भी देंगे.
अतिरिक्त पैसा वो आपके पैसे को इस्तेमाल करने के
लिए देंगे.
इस अतिरिक्त पैसे को हम "ब्याज" कहते हैं.
मान लीजिए कि आपने बैंक में $ 100 रखे.
एक साल बाद आप अपना पैसा वापस चाहते हैं.
बैंक आपको $ 100 के साथ-साथ कुछ अतिरिक्त
ब्याज भी वापस देगा.



उस वर्ष के दौरान, बैंक आपके पैसे का उपयोग करेगा.

बैंक अन्य लोगों को पैसा उधार देगा.

लोग बैंकों से पैसा उधार लेते हैं

—घर या कार खरीदने के लिए



—कॉलेज की फीस या यात्रा के लिए




— नया टीवी या कंप्यूटर खरीदने के लिए



—किसी भी चीज को खरीदने के लिए जिसे
खरीदने के लिए उनके पास पर्याप्त पैसे न हों.


जो लोग पैसा उधार लेते हैं,
वो उसका भुगतान भी करते हैं.
उन्हें पैसा उधार लेने के लिए थोड़ा
अतिरिक्त भुगतान भी करना होता है.
वे जो अतिरिक्त पैसा वापस करते हैं,
उसे ब्याज भी कहा जाता है.
मान लीजिए कि कोई व्यक्ति 100 डॉलर उधार लेता है.
एक साल बाद व्यक्ति इसे वापस कर देता है.
बैंक $ 100 के साथ-साथ उनसे कुछ अधिक ब्याज भी
मांगेगा.





मान लीजिए कि आपके पास बैंक में $ 100 हैं.
आप एक नई साइकिल खरीदने का फैसला करते हैं.
साइकिल की कीमत $ 75 है.

साइकिल के भुगतान के अलग-अलग तरीके हैं.
आप बैंक से $ 75 निकाल सकते हैं.



और आप उन नोटों को स्टोर के मालिक को दे सकते हैं. इसे कैश भुगतान कहा जाता है.



या आप किसी वयस्क से चेक लिखने को कह सकते हैं.
चेक, बैंक से स्टोर मालिक को $ 75 का भुगतान करने को कहता है.
आप स्टोर मालिक को चेक देते हैं.
स्टोर मालिक चेक को बैंक में ले जाता है.
और बैंक स्टोर मालिक को $ 75 देता है.







कोई वयस्क क्रेडिट कार्ड का उपयोग भी कर सकता है.
क्रेडिट कार्ड का उपयोग करना पैसे उधार लेने जैसा है.
वयस्क, स्टोर के मालिक को कार्ड दिखाता है.
दुकान का मालिक एक पर्ची भरता है.
वह क्रेडिट कार्ड कंपनी को पर्ची भेजता है.
क्रेडिट कार्ड कंपनी, स्टोर मालिक को तुरंत $ 75 भेजती है.
क्रेडिट कार्ड कंपनी, वयस्क को $ 75 का बिल भेजती है.
वो क्रेडिट कार्ड कंपनी $ 75 का भुगतान करता है.
नकद, चेक या क्रेडिट कार्ड.
किसी भी तरह से, आपको साइकिल मिलती है.
किसी भी तरह से, स्टोर के मालिक को $ 75 मिलते हैं.






पैसे बचाओ.



पैसे कमाओ.



पैसे खर्च करो.




पैसे दान करो.

पैसे गोल-गोल घूमते हैं.

**समाप्त**